**SS – 110**

**III Semester B.B.A./B.H.M. Examination, Nov./Dec. 2018**
**(CBCS) (F+R) (2016-17 and Onwards)**
**HINDI LANGUAGE – III**
**Natak, Sarkari Patra Aur Sankshepan**

Time : 3 Hours　　　　Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या **एक** वाक्य में लिखिए : **(1×10=10)**

1) किस के उपदेश सुनने के लिए बूढ़े-बच्चे उमड़ पड़ते थे ?
2) जंगल में मृग की मौत क्यों हुई ?
3) नन्द किसका भाई था ?
4) कर्णफूलों के पास नन्द क्या चित्रित करना चाहता है ?
5) शेफालिका और निहारिका कौन हैं ?
6) दक्षिण के अन्धकूप की सज़ा कौन पाता है ?
7) कपिलवस्तु के राजभवन का प्रधान कर्मचारी कौन है ?
8) नन्द हाथ में क्या लेकर सुन्दरी के कक्ष में जाते हैं ?
9) यशोधरा महल छोड़कर कहाँ रहना चाहती है ?
10) 'लहरों के राजहंस' नाटक के नाटककार का नाम लिखिए।

II. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की संन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **(2×6=12)**

1) रात-भर नगर-वधू चन्द्रिका के चरणों की गति से इस भवन की हवा काँपती रहेगी। हवा काँपती रहेगी और दुलती रहेगी मदिरा .... उसकी आँखों से, उसके एक-एक अंग की गोराई से।
2) उस समय तुम क्रोध में थी, तो कितनी उग्र, कितनी कठोर, कितनी प्रखर लग रही थी ! इस समय सो रही हो, तो कितनी करूण, कितनी निर्भर कितनी अबोध लग रही हो।
3) मैं जानता हूँ सारा समय तुम छाया की तरह मेरे साथ रहे हो, विहार से लेकर यहाँ तक। शायद तुम्हारे मन में आशा रही है कि मैं और कहीं भी जाऊँ, लौटकर अपने घर नहीं आऊँगा।
4) कमलनाल, कमलपत्र, सब उसमें खोए जा रहे हैं। मुलेलगा कि वह छाया उन सबको लील जाएगी-ताल में तैरते राजहंसों के जोड़े को भी। मुझे डर लगा।

P.T.O.

III. 'लहरों के राजहंस' नाटक में नन्द और सुन्दरी के जीवन शैली पर प्रकाश डालिए। (1×12=12)

**अथवा**

'लहरों के राजहंस' नाटक की कथावस्तु लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (1×6=6)

1) श्यामांग।

2) अलका।

V. किन्हीं **दो** पत्रों को लिखिए : (2×10=20)

1) जिलाधीश कानपुर की ओर से पुलिस अधीक्षक, कानपुर को एक अर्द्ध-सरकारी पत्र लिखिए, जिसमें नगर में प्रधानमंत्री के आगमन पर उचित सुरक्षा व्यवस्था करने की सूचना दी गई हो।

2) उप सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सभी राज्य-सरकारों के मुख्य सचिवों को एक परिपत्र लिखिए, जिसमें मासूम बच्चों पर हो रहे अत्याचार को पूर्ण रूप से रोकने के ठोस उपाय की सूचना हो।

3) सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय, कर्नाटक सरकार की ओर से, एक अधिसूचना तैयार कीजिए, जिसमें 'जयदेवा अस्पताल' के अपर अधीक्षक श्री राकेश मल्होत्रा को उसी अस्पताल के अधीक्षक की पदौन्नति करने की घोषणा हो।

VI. उचित शीर्षक देते हुए **एक तिहाई** शब्दों में संक्षिप्तीकरण कीजिए : (1×10=10)

रूचि उत्पन्न करने के पश्चात विक्रयकर्ता को चाहिए कि वह ग्राहक के मस्तिष्क में वस्तु विशेष के क्रय के लिए इच्छा जागृत करे, जिससे वह उस वस्तु की माँग करके खरीदने के लिए तत्पर हो जाए। विक्रय प्रस्तुतीकरण की वह अवस्था है, जिसमें वह संभावित ग्राहक को यह प्रदर्शित एवं प्रमाणित करता है कि उसकी वस्तु ग्राहक की आवश्यकता की पूर्ण संतुष्टि करेगी। यद्यपि उसकी आवश्यकता को पूरा करनेवाली अनेक वस्तुयें हो सकती हैं, किन्तु उसे यही कहना चाहिए कि उसकी वस्तु श्रेष्ठतर है।

---